लीडरशिप पर आइआइएम की पांच दिवसीय कार्यशाला 19 से

जासं, रांची : आइआइएम रांची का सेंटर आफ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर आफ लीडरशिप, पालिसी एंड गवर्नेंस ने लीडरशिप, पालिसी और गवर्नेंस पर पांच- दिवसीय शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन करेगा। आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। पांच- दिवसीय शीतकालीन कार्यशाला के प्रमुख वक्ताओं में डा. नितिन मदन कुलकर्णी सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, डा. हीरा लाल, एडिशनल मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, यूपी एवं सीएमपीडीआइ के सीएमडी शेखर सरन होंगे। कार्यशाला पूरा होने पर प्रत्येक प्रतिभागी को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

Dainik Jagran
03.01.2021